दैनिक जागरण 5
www.jagran.com जमशेदपुर, 14 मई, 2024

# इस्टीम पब्लिक स्कूल से 10वीं में सिंद्रा अनम व 12वीं में सौम्या बनीं टापर

जासं, चाईबासा : सीबीएसई की ओर से सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया है। इसमें हर वर्ष की तरह इस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इस बार भी अपना शानदार सफलता का परचम लहराया। विद्यालय से दसवीं में कुल 118 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से 95 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से प्रथम टापर सिंद्रा अनम 94 प्रतिशत, विवेक कुमार 87 प्रतिशत, रोहित पांडा व आरुष महादेव 84 प्रतिशत लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय टापर रहे। दिव्या कुमार, सुमित मिश्रा व सूरज देवगम 80 प्रतिशत लाकर चतुर्थ टापर तथा विश्वजीत ठाकुर 75 प्रतिशत लाकर पंचम टापर, संजना सीजाय, दीपिका कुमारी, अन्वेष साहू, अमृता सिंह अनामिका सिंह, स्मृति सिंह ने भी 74 प्रतिशत लाकर विद्यालय के रिजल्ट को बेहतर बनाया। विद्यालय के 12वीं के रिजल्ट में 94 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए । 12वीं के रिजल्ट में 85 प्रतिशत लाकर सौम्या मिश्रा विद्यालय से प्रथम टापर हुई। वहीं 84 प्रतिशत लाकर प्रज्ञा कुमारी द्वितीय टापर, तनिष्क आर्यन 83 प्रतिशत लाकर तृतीय टापर, जया मिश्रा 75 प्रतिशत लाकर चतुर्थ टापर तथा श्वेता तिवारी 71 प्रतिशत लाकर विद्यालय की पंचम टापर रही। विद्यालय के बेहतर रिजल्ट से बच्चों ने यह साबित किया है कि कड़ी मेहनत एवं सही मार्गदर्शन से किसी भी सफलता को हासिल की जा सकती है। विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने सभी बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य टी. कुमार ने कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षक शिक्षिकाओं के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है जिसकी वजह से सीबीएसई द्वारा जारी हमारे विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



प्रथम टापर सिंद्रा अनम 94 प्रतिशत अंक लाकर अपनी माता व भाई के साथ।



सौम्या मिश्रा
85 प्रतिशत



तनिष्क आर्यन
83 प्रतिशत



प्रज्ञा कुमारी द्वितीय टापर।



सुमित मिश्रा
80 प्रतिशत



सूरज देवगम
80 प्रतिशत



जया मिश्रा
75 प्रतिशत



श्वेता तिवारी
71 प्रतिशत

दैनिक भास्कर
जमशेदपुर, मंगलवार, 14 मई, 2024 | 17

# विद्यालय की प्रथम टॉपर सिद्रा अनम रहीं, बनना चाहती हैं डॉक्टर









भास्कर न्यूज | चाईबासा

सीबीएसई द्वारा सोमवार को 10वीं व 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें हर वर्ष की तरह इस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इस बार भी अपने शानदार सफलता का परचम लहराया। विद्यालय से दसवीं में कुल 118 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 95% बच्चे उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के सिद्रा अनम 94% अंक प्राप्त कर प्रथम टॉपर रही, वहीं विवेक कुमार 87% लाकर द्वितीय टॉपर, रोहित पांडा व आरुष महादेव 84% लाकर तृतीय टॉपर, दिव्या कुमार, सुमित मिश्रा व सूरज देवगम 80% लाकर चतुर्थ टॉपर तथा विश्वजीत ठाकुर 75% लाकर पंचम टॉपर, संजना सीजॉय, दीपिका कुमारी, अन्वेष साहू, अमृता सिंह अनामिका सिंह, स्मृति सिंह ने भी 74% लाकर विद्यालय के रिजल्ट को बेहतर बनाया। वहीं विद्यालय के 12वीं के रिजल्ट में 94 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसमें 85% अंक लाकर सौम्या मिश्रा विद्यालय से प्रथम टॉपर हुईं। वहीं 84% लाकर प्रज्ञा कुमारी द्वितीय टॉपर, तनिष्क आर्यन 83% लाकर तृतीय टॉपर, जया मिश्रा 75% लाकर चतुर्थ टॉपर तथा श्वेता तिवारी 71% लाकार विद्यालय की पंचम टॉपर रहीं।

विद्यालय के बेहतर रिजल्ट से बच्चों ने यह साबित किया है कि कड़ी मेहनत एवं सही मार्गदर्शन से किसी भी सफलता को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ मनोज कुमार झा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि किसी भी बच्चे में प्रतिभा कम नहीं होती है। मार्गदर्शक के रूप में सही प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं होनी चाहिए। वहीं विद्यालय के प्राचार्य टी.कुमार ने कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। जो अभिभावक 11वीं कक्षा के साइंस और कॉमर्स में अपने बच्चे का नामांकन कराना चाहते हैं वह कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, मंगलवार
14.05.2024
06

# 10वीं में सिद्रा अमन व 12वीं में सौम्या बने स्कूल टॉपर

## इस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चाईबासा.** सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड का रिजल्ट सोमवार को जारी किया गया. इस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया. विद्यालय से 10वीं में 118 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 95 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए. विद्यालय से प्रथम टॉपर सिद्रा अनम को 94 प्रतिशत अंक मिले. वहीं विवेक कुमार 87 प्रतिशत लाकर द्वितीय टॉपर, रोहित पांडा व आरुष महादेव 84 प्रतिशत लाकर तृतीय टॉपर, दिव्या कुमार, सुमित मिश्रा व सूरज देवगम 80 प्रतिशत लाकर चतुर्थ टॉपर, विश्वजीत ठाकुर 75 प्रतिशत के साथ पंचम टॉपर, संजना सिजॉय, दीपिका कुमारी, अन्वेष साहू, अमृता सिंह अनामिका सिंह, स्मृति सिंह ने भी 74 प्रतिशत प्राप्त किये. वहीं 12वीं के रिजल्ट में 94 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए. 12वीं में 85 प्रतिशत लाकर सौम्या मिश्रा विद्यालय की टॉपर हुई. 84 प्रतिशत लाकर प्रज्ञा कुमारी द्वितीय टॉपर, तनिष्क आर्यन 83 प्रतिशत लाकर तृतीय टॉपर, जया मिश्रा 75 प्रतिशत लाकर चतुर्थ टॉपर, श्वेता तिवारी 71% के साथ विद्यालय की पंचम टॉपर रही.

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
जमशेदपुर
बुधवार
15 मई 2024
05

# इस्टीम पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



चाईबासा। सीबीएसई के द्वारा जारी सीबीएसई के रिजल्ट में इस्टीम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इस बार भी शानदार सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय से दसवीं में कुल 118 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 95% बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से प्रथम टॉपर सिद्र अनम 94% लाकर हुई। वहीं विवेक कुमार 87% लाकर द्वितीय टॉपर, रोहित पांडा व आरुष महादेव 84% लाकर तृतीय टॉपर बनी। वहीं विद्यालय के 12वीं के रिजल्ट में 94 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। 12वीं के रिजल्ट में 85% लाकर सौम्या मिश्रा विद्यालय से प्रथम टॉपर हुई वही 84% लाकर प्रज्ञा कुमारी द्वितीय टॉपर, तनिष्क आर्यन 83% लाकर तृतीय टॉपर बनी। विद्यालय के बेहतर रिजल्ट से बच्चों ने यह साबित किया है कि कड़ी मेहनत एवं सही मार्गदर्शन से किसी भी सफलता को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ मनोज कुमार झा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि किसी भी बच्चे में प्रतिभा कम नहीं होती।